भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1457

12 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: सिक्किम से एमआईडीएच के अंतर्गत प्राप्त कार्य योजनाएँ

1457 श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चाः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को पिछले तीन वर्षों के दौरान सिक्किम सरकार से एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत 5,000 मीट्रिक टन क्षमता तक की शीतागार सुविधाओं की स्थापना के लिए सहायता प्राप्त करने हेतु वार्षिक कार्य योजनाएँ (एएपी) प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हाँ, तो सिक्किम द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और उनकी स्वीकृति की स्थिति क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान सिक्किम द्वारा शीतागार अवसंरचना के लिए एमआईडीएच के अंतर्गत कुल कितनी वित्तीय सहायता मांगी गई; और

(घ) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान सिक्किम के कोई प्रस्ताव लंबित रहे, अस्वीकृत किए गए या पुनरीक्षा हेतु लौटाए गए?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): मंत्रालय को समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) योजना के तहत सिक्किम से सहायता प्राप्त करने हेतु निरंतर वार्षिक कार्य योजनाएँ प्राप्त हो रही हैं। पिछले तीन वर्षों में सिक्किम को क्रमश: वर्ष 2022-23 में 22.50 करोड़ रुपये, वर्ष 2023-24 में 32.65 करोड़ रुपये और वर्ष 2024-25 में 46.06 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। पिछले तीन वर्षों के दौरान सिक्किम की वार्षिक कार्य योजनाओं में 5,000 मीट्रिक टन क्षमता तक की शीतागार सुविधाओं की स्थापना का कोई प्रावधान नहीं था।

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान सिक्किम का कोई भी वार्षिक कार्य योजना प्रस्ताव लंबित, अस्वीकृत नहीं किया गया या संशोधन के लिए वापस नहीं भेजा गया है।

******